आज़ादी का अमृत महोत्सव

**बाढ़ अतिआवश्यक**

**राजस्थान सरकार**
**आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग**

पत्रांकः एफ.8(1) आ.प्र.एवं सहा/बाढ़/2024/RAJKAJ 7284782 जयपुर, दिनांक 23/5/24

समस्त जिला कलक्टर,
राजस्थान।

विषय :– मानसून वर्ष 2024 के दौरान बाढ़ बचाव हेतु जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष (EOC) पर नागरिक सुरक्षा बाढ़ बचाव टीम तैनात रखने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत मानसून वर्ष 2024 में बाढ़ की संभावना को देखते हुए जिलों में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की बाढ़ बचाव टीम को दिनांक 15 जून से 30 सितम्बर तक जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष (EOC) में लगातार 24 घण्टे (Round the Clock) उपलब्ध रखा जाता है, जिससे कि जब भी आवश्यकता हो इनसे बाढ़ बचाव का कार्य लिया जा सके।

**अतः प्रशिक्षित नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की बाढ़ बचाव टीम को उपरोक्त अवधि के लिए नियोजित करने एवं टीम में जिला स्तरीय बाढ़ नियत्रंण कक्ष (EOC) पर 15 व खोज एवं बचाव टीम में 06 कुल 21 नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों को रखने हेतु जिला कलक्टरों को अधिकृत किया जाता है।**

इस संबंध में जिले के उप नियंत्रक/सहायक नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा को निर्देशित कर बाढ़ बचाव टीम नियोजित करावें। बाढ़ बचाव में प्रशिक्षित स्वयंसेवकों का उक्त तैनाती में प्राथमिकता दी जावे। जिला कलक्टर्स द्वारा इन टीमों में तैनात किये जाने वाले स्वयं सेवकों को इस अवधि का भुगतान राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानदेय के अनुसार "आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग" के बाढ़ राहत मद" से किया जायेगा। इन टीमों को आवश्यकता पड़ने पर वाहन व अन्य आवश्यक साजो सामान/उपकरण भी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जावे।

oic Relief
27/5/24
सहायता
27.5.24

(भगवत सिंह)
शासन संयुक्त सचिव

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही एवं पालनार्थ प्रेषित है :–

1. समस्त संभागीय आयुक्त, राजस्थान।
2. समस्त नियंत्रक (जिला कलक्टर) नागरिक सुरक्षा, राजस्थान।
3. उप निदेशक, नागरिक सुरक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. समस्त उप नियंत्रक/सहायक नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा राजस्थान।

शासन संयुक्त सचिव

RajKaj Ref
7284782

Signature valid
Digitally signed by Bhagwat Singh
Designation: Joint Secretary To Government
Date: 2024.05.23 16:31:17 IST
Reason: Approved

कार्यालय का पता– खाद्य भवन, भू–तल, कमरा नं. 7007, शासन सचिवालय, जयपुर–302005, दूरभाष नं. 0141–2227..., फैक्स नं. 0141–2227230
ई–मेल आई.डी. relief-rj@nic.in

राजस्थान सरकार

# निदेशालय नागरिक सुरक्षा राजस्थान जयपुर

0–1,सुभाष नगर शॉपिंग सेन्टर, टी.बी.सेन्टोरियम रोड, सुभाष नगर, राज. जयपुर
ई–मेल dir.cd.raj@gmail.com

दिनांक:

क्रमांकःप.2(129)नि.ना.सु./प्रशि./बाढ़ मानसून/2022/

**समस्त नियंत्रक (जिला कलक्टर),**
नागरिक सुरक्षा, राजस्थान।

**विषयः मानसून वर्ष 2024 के दौरान बाढ़ बचाव हेतु जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष (EOC) पर नागरिक सुरक्षा बाढ़ बचाव टीम तैनात रखने के सम्बंध में।**

सन्दर्भः संयुक्त शासन सचिव, आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के पत्र क्रमांक :एफ.9(1)आ.प्र.एवंसहा./बाढ़/2024/राजकाज/7204782 दिनांक 23.05.2024

OIC-Relief
29.5.24

Relief
30/5/24

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र द्वारा मानसून वर्ष–2024 में बाढ़ की संभावना को देखते हुए जिलों में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की बाढ़ बचाव टीम दिनांक 15.06.2024 से 30.09.2024 तक जिला बाढ़ नियंत्रक कक्ष में लगातार 24 घण्टे (Round the Clock) उपलब्ध रखे जाने के लिये जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष (EOC) पर 15 व खोज एवं बचाव टीम में 06 कुल 21 नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों को तैनात किये जाने हेतु सम्बंधित जिला कलक्टर्स को अधिकृत किया गया है, जिसकी प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न प्रेषित है।

**संलग्न : उपरोक्तानुसार**

भवदीय,

**(जगत राजेश्वर)**
आर.ए.एस.
उप निदेशक

**<u>प्रतिलिपिः</u> निम्नांकित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

1. संयुक्त शासन सचिव, आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग को उनके सन्दर्भित पत्र के क्रम में।
2. समस्त उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा, राजस्थान जयपुर को भेजकर लेख है कि उपरोक्तानुसार नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों को तैनात कराये कराये जाने हेतु वांछित कार्यवाही सुनिश्चित करावें।

उप निदेशक

RajKaj Ref
7564009

Signature valid
Digitally signed by J... Rajeshwar
Designation: Dep... Director
Date: 2024.0...8 ...07:24 IST
Reason: Appro...